SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
NOTES (TERM-2)

CLASS : 5 **SUBJECT: HINDI**
Prepared By: PUJA JAISWAL **LESSON- 18, संकल्प**

प्रश्न १) शब्द अर्थ एवं श्रुतलेख पाठ्यपुस्तक 'प्रतिभा' से लिखिए ।

प्रश्न २) खाली जगह भरिए –

क) उद्यम का दीप जलाएँगे |

ख) अपना सर्वस्व चढाएँगे |

ग) वीरों का कुछ कर्ज चुकाएँगे|

प्रश्न ३) दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

क) नव = नई

हम लोगों के दिल में नवजोत जलाएँगे |

ख) संकल्प = प्रण

हमने कुछ कर दिखालाने का संकल्प किया है |

ग) कर्ज = ऋण

हम वीरों का कर्ज चुकाएँगे |

प्रश्न ४) एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

क)किसकी सेवा में कवि अपना सर्वस्व चढाएँगे ?

उत्तर- मातृभूमि की सेवा में कवि अपना सर्वस्व चढाएँगे ।

ख) हम नवजोत कहाँ जलाएँगे ?

उत्तर- जो लोग हारकर और उम्मीद छोड़कर बैठे है उनके बुझे चिरागों में हम नवजोत जलाएँगे ।

ग) हम वीरों का कर्ज कैसे चुकाएँगे ?

उत्तर - हम वीरों का मान बढ़ाकर उनका कर्ज चुकाएँगे |

प्रश्न ५)) भावार्थ स्पष्ट कीजिए –

"रोको मत ---कर्ज़ चुकाएँगे

संदर्भ – प्रस्तुत पंक्तियाँ पाठ्यपुस्तक प्रतिभा के "संकल्प" कविता से ली गई हैं | जिसके कवि "रामनरेश त्रिपाठी"जी है | इस कविता के माध्यम से कवि देश की उन्नति और विकास का संकल्प लेने के लिए कह रहे हैं |

भावार्थ – कवि कहते हैं कि हमें रोको मत , हम आज़ादी पाने के लिए उत्साहित हैं | हम मातृभूमि अर्थात अपनी भारत माता के हित के लिए अपना सब कुछ न्योंछावर कर देंगे |हम उन वीरों के बालक हैं जिनके हृदय में आजादी पाने के लिए सच्ची और निस्वार्थ भावना थी | कवि उनका सम्मान कर उनके कर्ज चुकाने का प्रयास कर रहे हैं | यही संकल्प कवि का है |

व्याकरण

अनेकार्थी शब्द – जिन शब्दों के अनेक अर्थ होते हैं , उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं |

जैसे – पूर्व = दिशा , पहले

हार = माला , पराजय

पानी = जल , इज्ज़त

उत्तर = जवाब , दिशा |